घीया खंडेलवाल वैश्य सेवा संस्थान के निर्विरोध अध्यक्ष बने

भीलवाड़ा। खंडेलवाल वैश्य सेवा संस्थान के अध्यक्ष पद का निर्विरोध चुनाव हो गया। बिगोद हाल भीलवाड़ा निवासी रमेश कुमार घीया अध्यक्ष

निर्वाचित हुए। प्रवक्ता गोपाल कृष्ण खंडेलवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के दो वर्ष के कार्यकाल हेतु 1 सितंबर को अध्यक्ष पद के चुनाव होने थे। चुनाव पर्यवेक्षक महेश खंडेलवाल तथा चुनाव अधिकारी पुरुषोत्तम तांबी खंडेलवाल, अभिनव माली खंडेलवाल, सुरेश रावत खंडेलवाल का मनोनयन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक महेश खंडेलवाल ने बताया कि तय समयावधि में अध्यक्ष पद के लिए एक आवेदन बिगोद हाल भीलवाड़ा निवासी रमेश कुमार घीया का ही प्राप्त हुआ। घीया को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की। इस दौरान समाज भवन पर उपस्थित सत्यनारायण माणक बोहरा, बालकिशन कायथवाल, राधेश्याम बंब, राजेश बढ़ाया, रामजीलाल गुप्ता, महेश खूंटेटा, दिनेश मामोडिया, सुमित पाटोदिया, नरेश पाटोदिया, प्रशांत शाह, राकेश दूसाद, गोपाल कृष्ण खंडेलवाल ने रमेश कुमार घीया का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

अग्रवाल फाउंडेशन ने गौ माता के गले में रेडियम युक्त बेल्ट लगाई

भीलवाड़ा। अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में हिंदू जागरण मंच एवं गौ सेवा मित्र मंडल के सहयोग जन हित सेवा कार्य के अंतर्गत सड़क पर बैठी हुई गायों के रेडियम युक्त बेल्ट गले में लगाने का कार्य किया गया। अग्रवाल फाउंडेशन के संयोजक अमित नागौरी ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण जी के नेतृत्व में की गई। कार्यक्रम संयोजक पंकज अग्रवाल एवं निखिल अग्रवाल ने बताया की रोडवेज बस स्टैंड के पेट्रोल पंप से लेकर लव गार्डन से होकर केशव हॉस्पिटल होते हुए टंकी के बालाजी तक बैठी हुई गौ माता के रेडियम युक्त बेल्ट लगाई गई। सहसंयोजक देवेंद्र गोयल, दीपक अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, पवन अग्रवाल,राजेश अग्रवाल, बृजेश बंसल केजी मंगल एवं अनिल बिंदल, अर्पित अग्रवाल आदि फाउंडेशन सदस्यों का सहयोग रहा।

भादवी छठ पर वाहन रैली के पोस्टर का विमोचन

भीलवाड़ा। पालना जी देवनारायण मंदिर परिसर में नीलागर घोड़े के जन्मोत्सव भादवी छठ के उपलक्ष पर निकलने वाली गाडरी समाज द्वारा वाहन

रैली का पोस्टर विमोचन पुजारी लादूलाल गुर्जर ने किया। इस दौरान देवसेना युवा जिलाध्यक्ष भैरूलाल खायडा, भोजाराम, रामलाल, सांवरमल पासंल, मंगनलाल धूलखेड़ा, सांवरमल सुरास, जमना गाडरी, भोजराज गाडरी, राहुल गाडरी, भूतल गाडरी, हिम्मत गाडरी, भूपेंद्र गाडरी, किशनलाल पांसल, सोनू, सुखदेव गाडरी आदि मौजूद रहे।

विधायक भड़ाणा बने हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रभारी

भीलवाड़ा। हरियाणा में हो रहे चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने मांडल विधायक उदय लाल भडाणा हरियाणा में फरिदाबाद जिले के पृथला विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बनाये गये हैं। भाजपा नेता नेता कमलेश सिंह गुढ़ा ने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र में मांडल विधायक भडाणा ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में भडाणा ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को आने वाले चुनाव में विजय बनाने की बात कही। भडाणा ने केन्द्र में नरेंद्र मोदी की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे बताया।

बायफ ने मनाया 58 वां स्थापना दिवस

भीलवाड़ा। बायफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ने 58 वां स्थापना दिवस संस्थापक स्व.डा.मणिभाई देसाई की प्रतिमा को माल्यार्पण कर मनाया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ एके सिंह, संस्थान के प्रमुख संजय वाडिया, सलाहकार लेखराज सिंह, अरूण चतुर्वेदी, भीलवाड़ा डेयरी के राकेश चौधरी, संगम यूनिवर्सिटी के श्याम सिंह लखावत ने भाग लिया। संचालन गोपाल जोशी ने किया। बायफ संस्थान द्वारा भीलवाडा जिले में किए गए कार्य के बारे में बताया।

यूनिफाइड पेंशन योजना शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) को अस्वीकार कर इसे शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी बताया। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के प्रदेशाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि एनपीएस का ही नाम बदलकर यूपीएस किया गया है। यह केवल एनपीएस में सुधार है, इससे कर्मचारी वर्ग में यूपीएस को लेकर सरकारी कर्मचारियो में जबरदस्त आक्रोश पनप रहा रहा है। इस योजना की मंजूरी के बाद यह तो स्पष्ट हो गया है कि कर्मचारियों को मिलने वाली पुरानी पेन्शन योजना का बन्द होना तय है। केन्द्र ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कर्मचारी को यूपीएस या एनपीएस चुनने का विकल्प दिया जायेगा। सरकार द्वारा कर्मचारियो से उनके बुढ़ापे की लाठी छीनने व नुकसान पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रदेश कार्यकारिणी ने केन्द्र सरकार के फैसले का विरोध व्यक्त कर पुरानी पेन्शन योजना के अलावा किसी भी योजना को स्वीकार नहीं करने का निर्णय किया है। संरक्षक श्याम लाल आमेटा, सभाध्यक्ष धुलीराम डाँगी, मुख्य महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार शर्मा, महिला मंत्री प्रिती गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लच्छीराम गुर्जर, डॉ. हनवन्त सिंह मेड़तिया, अतिरिक्त महामंत्री राम कल्याण गुर्जर, बालकृष्ण मीणा, बृजमोहन मीणा, उदयलाल डामोर, निहाल सिंह, अशोक जीनगर, लक्ष्मण पालीवाल, रिछपाल सिंह, कन्हैयालाल मीणा, शंकर सिंह, रईस खान, नव नारायण, महेश शर्मा, जसवंत पूरी, सतपाल गुर्जर, विजय आमेटा,योगेंद्र सिंह झाला, प्रकाश खटीक सहित सभी राज्य भर के नेताओं ने यूपीएस योजना का विरोध कर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

आरक्षण को लेकर भील समाज कल देगा ज्ञापन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भील समाज को जनसंख्या के अनुपात में कोटा में से कोटा में आरक्षण की मांग को लेकर 28 अगस्त, बुधवार को ज्ञापन दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को जल्दी से जल्दी लागू करवाने हेतु राष्ट्रपति महोदय, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय जनजाति आयोग एवं राज्य जनजाति आयोग को जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा।

पुलिस की मौजूदगी में अवैध टावर का निर्माण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर में अनुकंपा स्काई डेक 100 फीट रोड के पीछे भगवती नगर आवासीय कॉलोनी में एग्रीकल्चर प्लॉट पर अवैध टावर लगाने का कार्य पुलिस की मौजूदगी में व असामाजिक तत्वों के संरक्षण में करवाया जा रहा है, जिसको लेकर समस्त कॉलोनी वासियों में भारी रोष व्याप्त है। माली सैनी कर्मचारी अधिकारी संस्था के अध्यक्ष तोताराम माली बताया कि कॉलोनीवासीयों के विरोध के बावजूद भी यहां टावर लगाना आश्चर्यजनक है जबकि कॉलोनीवासियों ने जिला कलक्टर व सचिव, नगर विकास न्यास को ज्ञापन देकर अपना कड़ा विरोध दर्ज करवा चुके है। कलक्टर ने जांच कर रिपोर्ट पेश करने और टावर निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था परंतु सरकारी अवकाश के चलते कंपनी के अधिकारी पुलिस संरक्षण के साथ ही असामाजिक तत्वों को बुलाकर टावर का निर्माण कार्य चालू करवा दिया। जब मौके पर संबंधित पटवारी आए और कंपनी वालो से टावर लगाने संबंधित कागज मांगे जो उनके पास उपलब्ध नहीं होने के बावजूद व मना करने पर भी टावर कर्मचारी मौके पर टावर लगा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल टावर लगाने के साथ ही टावर इंस्टालेशन रोकने की मांग की।

विप्र फाउंडेशन की युवा व महिला नगर टीम की नियुक्तियां, यज्ञोपवीत संस्कार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

विप्र फाउंडेशन नगर की कार्यकारिणी का गठन कर उन्हें नियुक्तिया दी गई। रोडवेज बस स्टैंड के सामने एक निजी होटल में समारोह हुआ। विप्र फाउंडेशन जॉन 1 ए युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी प्रमोद पालीवाल व प्रदेश अध्यक्ष विकास शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री पंकज शर्मा द्वारा नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट छैल बिहारी जोशी व प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट विनोद तिवारी को साफा व अपर्णा पहनाकर नियुक्ति पत्र सौंपे।

जिला महामंत्री लोकेश तिवारी ने बताया कि नगर कार्यकारिणी में निखिल काकड़ा को युवा नगर अध्यक्ष, त्रिलोक शर्मा व आशुतोष शर्मा को नगर महामन्त्री, अनिरुद्ध दाधीच को

कोषाध्यक्ष, कौशल शर्मा, संदीप त्रिपाठी, अमन शर्मा को सचिव व मुक्ता गुजराती को नगर महिला अध्यक्ष, एडवोकेट रेखा शर्मा व अनुभूति शर्मा को महामन्त्री, दुर्गा शर्मा को सचिव,स्वाति शर्मा को कोषाध्यक्ष पर नियुक्ति पत्र दे कर,अपर्णा ओढाकर पहचान पत्र सौंपे गए। इनके साथ ही व उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, मीडिया प्रभारी सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तिया दी गई। पंडित दिनेश शर्मा की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संगठन के पदाधिकारियो को यज्ञोपवीत धारण करवाई गई। अतिथि के रूप में पूर्व सूचना व जनसंपर्क अधिकारी अधिकारी श्याम सुंदर जोशी, संभागीय प्रभारी दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष तुलसीराम शर्मा, जिला महामंत्री लोकेश तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण व्यास, महिला जिलाध्यक्ष दया गौड़ मंचासीन थे। विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष तुलसीराम शर्मा ने कहा कि भारत भूमि के सौभाग्य सूचक श्री परशुराम कुंड तीर्थोयन में पूरे देशभर के ब्राह्मणों को सहभागी बनना है। वहीं संभागीय प्रभारी दिनेश शर्मा ने परशुराम कुंड को पांचवे धाम के रूप में अरुणाचल प्रदेश में विकसित किये जाने पर सभी को एक साथ एकजुट होकर उद्घाटन समारोह में चलने पर जोर दिया। युवा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण व्यास ने संगठन में चल रहे विभिन्न प्रकल्पों पर चर्चा की। नवनियुक्त नगर कार्यकारिणी के सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिए गए।

मण्डावर सम्मान रत्न समारोह में प्रतिभाओं का अभिनंदन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजसमंद जिले के भीम उपखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मण्डावर में सरपंच प्यारी कुमारी चौहान के सानिध्य, सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापक चुन्ना सिंह चौहान की अध्यक्षता तथा स्वतंत्रता सेनानी सूबेदार रूप सिंह के मुख्य आथित्य में मण्डावर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या संगीता मीना, प्राध्यापक डाउसिंह मालावत, गणेश लाल प्रजापत, जोरावर सिंह, समेलिया सरपंच गीता देवी थे । कार्यक्रम में सैनिक, पूर्व सैनिक, शिक्षक, चिकित्सक, राजकीय कर्मचारी अन्य राजकीय सेवा में चयनित युवाओं सहित कॉलेज शिक्षा, बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे सम्मान पत्र व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया । अतिथियों का स्वागत चुन्ना सिंह चौहान, लक्ष्मी देवी, सरपंच प्यारी कुमारी चौहान, नर्सिंग अधिकारी राजेन्द्र सिंह, राशन डीलर भागवंत चौहान, ललित किशोर सिंह, पटवारी मिठू सिंह पुरण सिंह डूंगावत, प्रेम सिंह सोमेश्वर ने किया।

रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन): L24302RJ1990PLC005560
पंजीकृत कार्यालय: 11-12TH, की. मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा -311001(राजस्थान), इंडिया, वेबसाइट:-www.ranjanpolysters.com
फ़ोन: 01482-297133, ई-मेल: ranjanpoly@gmail.com

34वीं वार्षिक साधारण सभा रिमोट ई-वोटिंग तथा बुक क्लोजर की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 34वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) सोमवार, 16 सितंबर, 2024 को दोपहर 04:00 बजे, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 11-12TH, की. मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा -311001(राजस्थान) में आयोजित होना निश्चित की गयी है । कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांक 25.09.2023 एवं सेबी द्वारा जारी परिपत्र SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07.10.2023 जिसकी अनुपालना में 34वीं वार्षिक साधारण का एजीएम नोटिस एवं ई-वोटिंग से सम्बंधित विस्तृत निर्देश व जानकारी के साथ ही वितीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट उन सभी सदस्यों को जिनका ई-मेल पता कंपनी/आरटीऐ/डेपोजिटरी के पास पंजीकृत है, ई-मेल द्वारा भेजी गयी है । वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम का नोटिस ई-मेल 24 अगस्त, 2024 तक प्रेषित कर चुके है। एजीएम की सार्वजनिक सूचना एवं कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024 कंपनी की वेबसाइट www.ranjanpolysters.com और एम स इ आई लिमिटेड की वेबसाइट www.msei.in पर उपलब्ध है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्कताएँ) नियमावली, 2015 की नियमावली 44 के अनुपालन में, सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इण्डिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के मंच के द्वारा कंपनी की 33वीं वार्षिक साधारण सभा के नोटिस में वर्णित सभी व्यापारिक लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की सुविधा प्रदान की गयी है । सदस्य, आयोजन स्थल के अलावा किसी अन्य जगह (रिमोट ई-वोटिंग) से इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली का उपयोग करके वोट दे सकते है ।रिमोट ई-वोटिंग सुविधा शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024 प्रातः 9.00 बजे शुरू होगी तथा रविवार, 15 सितम्बर, 2024 साय: 5.00 बजे समाप्त होगी। । इस समय और दिनांक के अलावा कोई ई-वोटिंग स्वीकार नही की जाएगी। जिन व्यक्तियों का नाम अंतिम तारीख 09 सितंबर, 2024 को सदस्यो अथवा लाभकारी मालिको के रजिस्टर में है, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के साथ वोटिंग सुविधा को अधिकृत कर सकते है । सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा वोट दिया है वे भी सभा में सम्मिलित हो सकते है लेकिन वापस सभा में वोट देने का अधिकार नही है ।सूचना के प्रेषण के बाद वे व्यक्ति जिनके पास कंपनी के शेयर एवं सदस्य है उन्हें रिमोट ई-वोटिंग के लिए यूजर आई. डी. तथा पासवर्ड कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स बीटल फाइनेंसियल और कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, 'बीटल हाउस' तीसरी मंजिल, 99 मदनगीर, बी एच - लोकल शॉपिंग काम्प्लेक्स, दादा हरसुखदास मंदिर के समीप, न्यू दिल्ली - 110062 द्वारा प्राप्त होंगे । यूजर आई.डी.और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया भी सीडीएसएल की वेबसाइट www.cdslindia.com पर उपलब्ध है । वार्षिक साधारण सभा में मतपत्र द्वारा मतदान उन सदस्यो को उपलब्ध है जो इस सभा में सम्मिलित है तथा जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान नही दिया है । ई-वोटिंग के परिणाम कंपनी के वार्षिक साधारण सभा में अथवा बाद में घोषित किया जायेगा । सदस्यो की सूचना के लिए संवीक्षक रिपोर्ट के साथ परिणाम कंपनी की वेबसाइट तथा सीडीएसएल की वेबसाइट को सूचित किया जायेगा । ई-वोटिंग से सम्बंधित कोई प्रश्न अथवा मामलों को www.evotingindia.com के सहायता अनुभाग के 'पूछे जाने वाले प्रश्न' (FAQ) तथा ई-वोटिंग मार्गदर्शक अथवा ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर लिख कर भेज सकते है । हेल्पडेस्क के टोल फ्री नंबर 18002109911 द्वारा भी संपर्क किया जा सकता है । कृपया इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के द्वारा मतदान की सुविधा से जुडी किसी भी शिकायत के मामले में श्रीमान राकेश दलवी, मैनेजर सीडीएसएल, ए-विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मील कंपाउंड, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर पारेल (ईस्ट), मुम्बई-400013, ईमेल helpdesk.evoting@cdslindia.com , हेल्प डेस्क नंबर 022-23058542/43 पर संपर्क करे। आगे की सूचना एतदद्वारा दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्कताएँ) नियमावली, 2015 की नियमावली 42 के अनुसार कंपनी के सदस्यो के रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार 10, सितंबर, 2024 से सोमवार 16, सितंबर 2024 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे। ।

बोर्ड की आज्ञानुसार
रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड के द्वारा

Sd/-
(महेश कुमार भीमसरिया)
प्रबंध संचालक
DIN-00131930

दिनांक: 25 अगस्त, 2024
स्थान: भीलवाड़ा

C M Y K